

|| श्री गणेशाय नम: ||

हिन्दी पाक्षिक Fort Nightly

# बात हिन्दुस्तान की

# Baat Hindustan Ki



R N I No. : WBHIN / 2021 / 84049

• विक्रम संवत 2082 माघ पूर्णिमा, 1-15 फरवरी 2026 (1-15 February 2026), • वर्ष 5 (Year-5), • अंक 19 • पृष्ठ 4 (Page-4) • मूल्य रु.2 (Price 2/-)


# बंगाल में उद्योग और कृषि साथ-साथ फले-फूलेंगे : ममता

## सिंगुर से ममता की दहाड़, केंद्र मदद करे ना करे, हमारी सरकार करेगी बंगाल का विकास



**राज्य ब्यूरो, कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में कृषि और उद्योग दोनों साथ-साथ फले-फूलेंगे और इनमें से कोई भी एक दूसरे का अतिक्रमण नहीं करेगा। हुगली जिले के सिंगुर में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने राज्य में कृषि-उद्योग के बीच के अंतर पर अपने रुख को दोहराया। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिंगुर में 18 जनवरी को आयोजित जनसभा के दस दिन बाद आया है। पीएम की सभा के जवाब में आयोजित इस रैली के मंच से ममता ने दावा किया कि राज्य सरकार ने सिंगुर में आठ एकड़ भूमि पर 9.2 करोड़ रुपये की लागत से एक कृषि-औद्योगिक पार्क बनाया है। 28 भूखंडों में से 25 आवंटित किए जा चुके हैं। हमने एक निजी औद्योगिक पार्क भी शुरू किया है जहां अमेजन और फिलपकार्ट जैसी कंपनियां बड़े गोदाम स्थापित करेंगी और सिंगुर में हजारों लोगों के लिए रोजगार सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने टाटा मोटर्स द्वारा नैनो कार फैक्टरी के लिए अधिकृत और अब परित्यक्त भूमि और इसके आसपास के क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की घोषणा की थी और दावा किया था कि इन पहलों से हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजित होगा।ममता ने राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा द्वारा राज्य के औद्योगिकरण के रुख का परोक्ष जिक्र करते हुए जोर दिया कि सिंगुर में कृषि और उद्योग दोनों फले-फूलेंगे। मैं जुमलों में विश्वास नहीं करती, हम अपने वादों को पूरा करते हैं। ममता ने भाजपा व केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में डबल इंजन की नहीं है बल्कि जनता की सरकार है। जनता की सरकार अपने दम पर बंगाल का विकास कर रही है।

**कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ मिलता रहेगा**-ममता ने कहा कि सिंगुर में छोटी कार परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित छोटे किसानों को राज्य सरकार से मासिक मुआवजा मिलता रहता है, साथ ही उन्हें खाद्य साथी, स्वास्थ्य साथी जैसी राज्य योजनाओं और स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य गारंटी और सामाजिक कल्याण से संबंधित अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ भी मिलता रहेगा।

**सिंगुर मेरी पसंदीदा जगह**– मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगुर मेरी पसंदीदा जगह है, मैंने 2006 और 2008 के बीच यहां कई दिन बिताए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने यहां जबरन भूमि अधिग्रहण के खिलाफ लगातार 26 दिनों तक अनशन किया था। मालूम हो कि बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले हाल में पीएम मोदी ने सिंगुर में कई सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के साथ जनसभा को संबोधित किया था। करीब दो दशक पहले पूर्ववर्ती वाममोर्चा सरकार के खिलाफ ममता के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस द्वारा चलाए गए भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के कारण टाटा की बहुचर्चित नैनो कार परियोजना सिंगुर से गुजरात स्थानांतरित हो गई थी। बहुचर्चित सिंगुर और नंदीग्राम के दोहरे आंदोलनों की बदौलत ही वर्ष 2011 के चुनाव में ममता ने बंगाल में वाममोर्चे के 34 वर्षों के लंबे शासन को समाप्त कर दिया था। ममता ने बहुप्रतीक्षित घाटाल मास्टर प्लान का भी किया उद्घाटन।





Memo No. 94(8) Local Advt./DICO/HWH Date- 30/01/2026


## महाराष्ट्र की राजनीति का काला दिन



**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के चीफ और लोकप्रिय नेता अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं रहे. बुधवार, 28 जनवरी को बारामती प्लेन क्रेश में उनका निधन हो गया. यह हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को कुछ सोचने-समझने का समय ही नहीं मिला. अजित पवार के निधन पर पूरे महाराष्ट्र में शोक की लहर है. उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने भी शोक व्यक्त किया है. शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने इसे 'महाराष्ट्र की राजनीति का काला दिन' बताया है. उन्होंने कहा कि अजित पवार के बिना महाराष्ट्र की राजनीति कुछ नहीं है।

## प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन में मधुबनी जिला राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम



**नई दिल्ली :** नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मधुबनी, श्री आनंद शर्मा को यह प्रतिष्ठित सम्मान महामहिम माननीय राष्ट्रपति भारत श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के कर-कमलों से प्रदान किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर Training & Capacity Building श्रेणी में मधुबनी जिले को राष्ट्रीय प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## हावड़ा वर्धमान शाखा पर लंबी दूरी की ट्रेनों के देरी से चलने का मुख्य कारण चेन पुलिंग

**हावड़ा :** पूर्व रेलवे में कई सारी लंबी दूरी की ट्रेनों के देर से चलने का एक अभिनव समस्या दिखाई दिया है। कई ऐसे ही दायित्वहीन यात्री बिना किसी करण के ही चलती हुई ट्रेन को चेन पुलिंग कर रोक देते हैं यह एक मुख्य समस्या बनी है ऐसा कहना है पूर्व रेलवे के डीआरएम विशाल कपूर का। पूर्व रेलवे के हावड़ा डिविजन डीआरएम विशाल कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि हावड़ा वर्धमान शाखा में मेल एक्सप्रेस ट्रेन में कुछ ऐसे दायित्वहीन यात्री है जो बिना किसी कारण चलती हुई ट्रेन में चेन पुलिंग करते हैं। ऐसा करने से पूरे ट्रेन में प्रयास 1500 से 2000 यात्री असुविधा में पड़ते हैं, साथ ही इस ट्रेन के पीछे चलने वाली अन्य लंबी दूरी की ट्रेनिंग हो या फिर लोकल ट्रेन सभी देर होती चली जाती है। जिसके कारण गंतव्य में पहुंचने पर ट्रेन काफी विलंब से पहुंचती है।अब इस तरह के दायित्वहीन यात्रियों को सबक सिखाने के लिए पूर्व रेलवे ने कई कदम उठाया है। उन्होंने बताया



कि बिना किसी कारण चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों को संग संग चिन्हित किया जाता है और उनके खिलाफ करी कार्रवाई की जा रही है पिछले कुछ दिनों में ऐसा देखने को मिला है कि प्रतिदिन औसतन पांच चेन पुलिंग मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में हो रही है जो की महीने में डेढ़ सौ की संख्या के आसपास है। खासकर एसी कमरे में यात्रा करने वाले यात्री कर रहे हैं जिनको चिन्हित कर दंडित भी किया जा रहा है उनसे जुर्माना भी वसूला जा रहा है साथ ही उनके तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसा करने से वह बचे। वहीं उन्होंने कहा कि अगर आपको जरूरी है समस्या हो रही है तो आप चेन पुलिंग कर सकते हैं या ट्रेन में आफ अधिकारी या 139 पर संपर्क कर सकते हैं। लेकिन देखा जा रहा है की यात्री ट्रेन के छूटने से कुछ देर पहले पहुंचते हैं और ऐसे में उनका कोई एक साथी ट्रेन के कमरे में चढ़कर चेन पुलिंग करता है और बाद में यह लोग सब ट्रेन में चढ़ते हैं इसके कारण होने वाली समस्या से ना तो उस ट्रेन में सफर करने वाले यात्री ही परेशान होते हैं बल्कि दुरगामी ट्रेन हो या फिर लोकल ट्रेन सभी ट्रेन लेट होती है और हजारों यात्रियों को परेशानी होती है। विशाल कपूर ने कहा कि आप ट्रेन छूटने के समय से आधा घंटा एक घंटा पहले स्टेशन पहुंचे और अपनी सुखद यात्रा का अनुभव ले। लेकिन जो लोग ऐसा कर रहे हैं उनके खिलाफ रेल शक्ति से कार्रवाई करेगा। इसको लेकर हावड़ा स्टेशन पर ट्रेन छूटने के पहले आर पी आफ के अधिकारी बकायदा माईकिंग कर यात्रियों को इसकी जानकारी दे रहे हैं की अनायास आप ट्रेन की चेन को ना खींचे और सुखद यात्रा करें।

## पीएम ने सिंगुर से 830 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ, तीन नई अमृत भारत ट्रेनों को भी दिखाई हरी झंडी



**बात हिंदुस्तान की ब्यूरो**

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के लगातार दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हुगली जिले के सिंगुर में जनसभा से पहले प्रशासनिक कार्यक्रम में लगभग 830 करोड़ रु पये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें रेलवे, बंदरगाह व पोत परिवहन से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल हैं। इस दौरान पीएम ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। जिनमें हावड़ा- आनंद बिहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, सियालदह- बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस और संतरागाछी- तांबरम अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। पीएम ने कहा कि इन नई ट्रेनों की शुरु आत से लंबी दूरी के उत्तर एवं दक्षिण के महत्वपूर्ण केंद्रों से बंगाल का बेहतर संपर्क के साथ इससे व्यापार, वाणिज्य और यात्री आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।

**बंगाल को आधा दर्जन नई अमृत भारत ट्रेनें मिलीं**

पीएम ने उल्लेख किया कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बंगाल से ही शुरू की गई। बंगाल को लगभग आधा दर्जन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी मिली हैं। इनमें से एक अमृत भारत ट्रेन मेरे संसदीय क्षेत्र काशी (वाराणसी) के लिए भी है, जो बंगाल से काशी के बीच कनेक्टिविटी को और मज़बूत करेगी। नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाए जाने के मौके पर हावड़ा के संतरागाछी स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार, दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर अनिल कुमार मिश्रा व अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे।

**नई रेल लाइन का भी उद्घाटन किया**

पीएम ने दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत जय रामबाटी- बरोगोपीनाथपुर- मयनापुर के बीच नई रेल लाइन का भी उद्घाटन किया। यह लाइन तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई रेल लाइन परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नई रेल लाइन के साथ-साथ पीएम ने जयरामबाटी- मयनापुर के बीच चलने वाली एक नई पैसेंजर ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इससे बांकुड़ा जिले के निवासियों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे दैनिक यात्रियों, छात्रों और तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा अधिक किफायती और सुविधाजनक हो जाएगी।

प्रधानमंत्री ने सिंगुर से हुगली जिले के बालागढ़ में विस्तारित बंदरगाह द्वार प्रणाली का भी शिलान्यास किया, जिसमें अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल और एक रोड ओवरब्रिज शामिल है। इस परियोजना के तहत बालागढ़ में लगभग 900 एकड़ क्षेत्र में एक आधुनिक कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसकी अनुमानित क्षमता लगभग 27 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इससे श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता की क्षमता में विस्तार होगा। लाजिस्टिक्स लागत में भी कमी आएगी।

*सिंगुर से हुगली जिले के बालागढ़ में विस्तारित बंदरगाह द्वार प्रणाली का भी शिलान्यास किया, जिसमें अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) टर्मिनल और एक रोड ओवरब्रिज शामिल है।*

**अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक कैटामरान का भी लोकार्पण किया**

प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कोलकाता में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक कैटामरान का भी लोकार्पण किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित व लिथियम-टाइटेनेट बैटरी तकनीक से लैस 50 यात्रियों की क्षमता वाला यह वातानुकूलित केबिन युक्तजलयान कोलकाता में हुगली नदी में शहरी जल परिवहन व पर्यावरण-पर्यटन में सहयोग प्रदान करेगा। यह कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा अंतर्देशीय जल परिवहन के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित छह इलेक्ट्रिक कैटामरानों में से एक है। पीएम ने कहा कि आज हम देश में मल्टी माडल कनेक्टिविटी पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बीते 11 वर्षों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के क्षमता विस्तार पर बहुत बड़ा निवेश किया गया है। इस पोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सागर माला स्कीम के तहत भी सड़के बनाई गई हैं। इसका परिणाम आज हम सभी देख सकते हैं।

## सेवा शिविर का आयोजन




**कोलकाता, बात हिंदुस्तान की :** कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा ट्रस्ट ओम भवन की ओर से एक विशाल सेवा यज्ञ का आयोजन किया गया है। संस्था का मूल उद्देश्य 'सेवा परमो धर्मः' की भावना के अनुरू प निरंतर मानव सेवा करना है ही एकमात्र उद्देश्य है। इस पहल के तहत लाखो तीर्थयात्रियों के लिए आश्रय एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।संस्था के महामंत्री ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सेवा शिविर का उद्घाटन परम पूज्य महंत श्री ज्ञान दास जी महाराज एवं उनके उत्तराधिकारी श्री संजय दास जी महाराज के करकमलो द्वारा किया गया है। वही कार्यक्रम में दक्षिण 24 परगना के जिला शासक अरविंद मीणा, दमकल मंत्री सुजीत बोस और मंत्री बेचाराम मन्ना व स्वरू प विश्वास की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने सेवा कार्यों की काफी प्रशंसा की।संस्था के अध्यक्ष हर्षद मेहता ने जानकारी दी कि यह सेवा शिविर 19 नवंबर से प्रारंभ होकर माघी पूर्णिमा तक निरंतर गंगासागर में संचालित रहेगा। सेवा कार्यों को सफल बनाने में मुकेश सेठ, चंद्रेश मेघानी, पंकज अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, पप्पू भाई खारा, राजकुमार अग्रवाल, संजय लोहारीवाला, दिलेश पटेल, नथमल भीमराजका, पाचु अगवाल, दिनेश महेता भरत ठक्कर, रमेशभाई पटेल, शशीभाई दोषी, चमचम सिंह, अशोक जैन, विनय गुप्ता सहित अनेक सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

# सीएम के विधानसभा क्षेत्र में करीब 45 हजार मतदाताओं के नाम कटे हैं

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट से जुड़ा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) की प्रक्रिया का काम लगभग अपने आखिरी चरण में है, जिससे उक्त विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव सामने आये हैं. एसआइआर प्रक्रिया के तहत भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से लगभग 45,000 मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं. इसके बाद ही शुक्रवार को मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-2 व पार्षदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. पार्टी सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी ने शुक्रवार की बैठक में बीएलए 2 और पार्षदों से कहा कि इस बार का विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण है. याद रखें कि यह केंद्र व भाजपा के अत्याचार व बंगाल की उपेक्षा के खिलाफ लड़ाई है. आप दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. आपको अगले कुछ दिनों तक और मेहनत करनी होगी. सीएम ने कहा कि मतदाता सूची से जिनका भी नाम कटा है, उनके घर-घर जायें और जांच करें. मुख्यमंत्री ने वार्ड 63 और 72 पर विशेष ज़ोर देने को कहा है. इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कितने लोगों का नाम तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल है, उन्होंने यह सूची प्रस्तुत करने के लिए कहा है. सीएम ने कहा कि वार्ड नंबर 77 में कई नाम जानबूझकर काटे गये हैं. सीएम ने इसे लेकर फिरहाद हकीम और देबाशीष कुमार को हर दिन रिपोर्ट पेश करने को कहा है.

गौरतलब है कि भवानीपुर सीट, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विधानसभा क्षेत्र है. भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या के मुताबिक, एसआइआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2,06,295 मतदाता दर्ज थे, लेकिन हाल ही में प्रकाशित ड्राफ्ट लिस्ट में सिर्फ लगभग 1,61,509 नाम शामिल हैं. इसका मतलब यह हुआ कि लगभग 44,787 मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं, जो कुल मतदाताओं का करीब 21.7 फीसदी है. जानकारी के मुताबिक, इस पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आनन-फानन में कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने पार्टी कार्यालय में बैठक की. इस बैठक में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम हटाये जाने पर चर्चा की गयी. गौरतलब है कि भवानीपुर में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाये जाने के बाद मुख्यमंत्री ने स्थानीय नेताओं को मतदाता सूची के पुनरीक्षण और सत्यापन के लिए निर्देश दिये हैं. सीएम ने कहा है कि किसी भी वैध मतदाता का नाम नहीं हटाया जाना चाहिए और प्रत्येक हटाये गये नाम की डोर-टू-डोर जांच की जानी चाहिए, ताकि किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सके. जानकारी के अनुसार, भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में जिन वार्डों में वोटर लिस्ट से नाम हटाये गये हैं, उनमें विशेष रूप से वार्ड 70, 72 और 77 शामिल हैं और इनमें से कुछ क्षेत्र अल्पसंख्यक और प्रवासी आबादी वाले इलाके हैं, जिनके नाम हटाये जाने पर सियासी और सामाजिक स्तर पर चिंता व्यक्त की जा रही है।

# समृद्धि यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले के विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया नीतीश कुमार ने



**मधुबनी :** समृद्धि यात्रा के दौरान मधुबनी में 298 करोड़ रुपए की लागत की 101 योजनाओं का शिलान्यास तथा 93 करोड़ रुपए की लागत की 294 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। साथ ही मिथिला हाट फेज-।। (रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) योजना का निरीक्षण किया। अररिया संग्राम में पंचायत सरकार भवन एवं तालाब का निरीक्षण तथा जीविका भवन का लोकार्पण भी किया। जिले में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेने हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके अतिरिक्त वहां आयोजित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी ने जन-संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित भी किए।



*77 वे प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा परेड की सलामी लेते हुए।*

# संकरैल मानस प्रेमी संघ के तत्वावधान में अखंड रामचरितमानस पाठ भव्य विशाल आयोजन किया गया

**बात हिंदुस्तान की ब्यूरो :** विधिवत मंत्रोच्चारण कर पंडित प्रभात पाठक ने ईष्ट देव का पुजा अर्चना किया। तत्पश्चात श्री बजरंग दल रामायण समिति व अन्य गणमान्य लोग ने संगीतमय दो दिवसीय श्री रामचरितमानस का पाठ किया गया। मिर्जापुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अमित दुबे ने भजन गा कर सम्पूर्ण इलाके को भक्ति के सागर में डुबे दिया। कार्यक्रम के अंत में महा प्रसाद सभी भक्तों के बिच वितरण किया गया। मुख्य अतिथियों का सम्मान



संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप दूबे ने किया मुख्य अतिथि प्रधान अंजलि राम, पूर्व प्रधान शिव कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी सुशील पांडेय,आकाश मिश्र, श्रीकांत दुबे, बीएन पाठक कैलाश उपाध्याय, सुनील शुक्ल व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। परशुराम सेना पश्चिम बंगाल प्रदेश के अध्यक्ष सुनील शुक्ल ने कहा कि संकरैल मानस प्रेमी संघ विगत कई वर्षों से धार्मिक व सामाजिक कार्य कर रहा है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कपिल मुनि पांडेय, राजकुमार पाण्डेय,रंजीत पाठक, संतोष मिश्रा, दिनेश, अजीत,रविरंजन, गणेश, रवि, अरूण,नरेश,दीलीप दुबे, सुरेश व अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभाई जिसके लिए संस्था के अध्यक्ष ने इन लोगों की काफी सराहना की।

# पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सांतरागाछी में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया



**हावड़ा :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सांतरागाछी में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास ,गरिमामय और उर्जावान वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे झंडो ,पुष्पो एवं देशभक्ति संदेशो से सजाया गया था प्रकार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री एस पी तिर्की द्वारा प्रातः 8.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इसके बाद सभी शिक्षकों ,कर्मचारियों ,अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता ,लोकतंत्र के मूल्यों तथा विद्यार्थियों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका और विद्यालय की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस पावन अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 की उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्राचार्य महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा राजभाषा हिंदी, स्काउट गाइड ,विद्यासेतु, एन सी सी आदि से संबंधित पुरस्कार भी वितरित किया गया प्रकार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत , समूह नृत्य विद्यार्थी व शिक्षकोय भाषण प्रस्तुत किया गया। रंगारंग कार्यक्रम के कारण उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प लिया प्रसम्पूर्ण कार्यक्रम अनुशासित ,प्रेरणादायी एवं सफलतापूर्ण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक ए. के. पाल, सौविक रॉय चौधुरी और तनवीर आलम द्वारा किया गया। धन्यवाद सीमा मराण्डी द्वारा संप्रेषित किया गया।



*लखनउ में 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना और एक जनपद, एक व्यंजन योजना का शुभारंभ किया। साथ ही, 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' सहित विभिन्न पुरस्कार भी वितरित किए।*

# बाली, बेलूर और लिलुआ में फरवरी के प्रथम सप्ताह में शुरू हो जायेगा 76 रास्ते का निर्माण कार्य

**हावड़ा :** बाली बेलूर और लिलुआ में प्राय 76 रास्ते का निर्माण कार्य फरवरी के प्रथम सप्ताह में शुरू हो जायेगा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पथ श्री प्रकल्प के तहत यह काम किया जाएगा। इसमें तकरीबन 34.128 किलोमीटर रास्ते का निर्माण और पुनर्निर्माण किया जाएगा बाली में संवाददाता सम्मेलन के दौरान जानकारी दिए बाली और सभा के प्रशासक व बाली के विधायक राणा चटर्जी उन्होंने कहा



कल 76 रास्ते में का काम किया जाएगा जिसमें 33 रास्ते बीच से बनेंगे और बाकी 40 रास्तों का निर्माण कंक्रीट से किया जाएगा। आने वाले समय में बेलूर, बाली और लिलुआ में रहने वाले लोगों को इसके बन जाने से काफी सहूलियत होगी।

# भगवान पर अटूट आस्था के प्रतीक संत रैदास

संत रैदास परम भागवत थे। भगवान पर उनकी अटूट आस्था थी। उनकी मन बुद्धि सदैव एक ही चिन्तन में लीन रहती थी। उनकी भगवत भक्ति की चर्चा दूर-दूर तक फैल गई थी। ऐसे उच्च कोटि के भक्तों की सदैव परीक्षा होती आई है इसी प्रकार उनकी भी परीक्षा लेने हेतु महात्मा गोरखनाथ नाथ संत रैदास के घर पहुंचे। रैदास अपने काम में लगे जूते गांठ रहे थे। गोरखनाथ जी ने उनसे कहा हमने आपकी बड़ी महिमा सुनी है, हम बहुत आशा लगा कर आये हैं कि आप हमारी मनोकामना अवश्य पूरी करेंगे। मुझे बहुत प्यास लगी है कृपा मुझे गंगा जल पिला कर कृतार्थ करें। संत रैदास ने विनम्रता पूर्वक कहा- आप शांत पूर्वक विराजें अभी आपके लिये गंगा जल मंगवाता हूं- रैदास जी ने अपनी आंखें बन्द कर भगवान का ध्यान किया तथा उनके चरणामृत का मानसिक संकल्प पास पड़े जूते भिगाये हुए कठौते में कर लिया। नेत्र खोल कर गोरखनाथ जी से कठौते का जलपान करने के लिये उनके सम्मुख रख दिया। गोरखनाथ जी ने पूछा क्या गंगा जी इसमें आ गई। रैदास जी बोले 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' अब शंका न करके बस आप पी जाइये, इसमें गंगा जल से भी ज्यादा गुण हैं। गोरखनाथ को उनकी बातों का विश्वास नहीं हुआ और पीने से मना कर दिया। रैदास बेचैन हो उठे चारों तरफ नजर दौड़ाई अरे कोई है जो इस अमृत तुल्य जल को पियेगा, जो पियेगा वह निहाल हो जायेगा। पास खड़ी उनकी बेटी कान्ति देवी ने कहा 'पिता जी मुझे पिला दीजिये' रैदास ने सत्य संकल्प कल्पित चरणामृत को कान्ति को पिला दिया। जल पीते ही कान्ति के हृदय में आत्म साक्षात्कार हुआ सम्पूर्ण जगत भगवान मय दिखने लगा। उसका जीवन जीवन मुक्त महात्माओं जैसा हो गया। समय आने पर रैदास ने अपनी पुत्री का अच्छा घर वर देख कर विवाह कर दिया। कान्ति देवी का पति रमाकान्त मुल्तान का रहने वाला था। पति के साथ सेवा सुश्रुषा में समय व्यतीत करने लगी। संयोगवश गोरखनाथ जी घूमते-घूमते मुल्तान पहुंचे। बगीचे में चिमटा गाड़ कर बैठ्याये धीरे-धीरे उनके कई भक्त बन गये सब उनसे भोजन करने का आग्रह करते। जवाब में एक ही बात कहते- खप्पर भरे तो गोरख भोजन करें। श्रद्धालु भक्त तरह-तरह के व्यंजन खप्पर में



डालने पर खप्पर भरने का नाम न लेता। धीरे-धीरे इस चमत्कार की बात पूरे मुल्तान में फैलाई। बड़े-बड़े सेठ साहूकार टोकरे भर भर कर भोजन सामग्री खप्पर में डलवाने पर खप्पर ज्यों कि त्यों रहा। इस तरह काफी समय बीत गया। भगवत् कृपा से एक दिन रमाकान्त उधर से निकले। उन्होंने भी गोरखनाथ जी को उनके घर पर भोजन करने का आग्रह किया, घर पर जाना वो स्वीकार कर लिया। किन्तु शर्त दोहरा दी- खप्पर भरे तो भोजन करें- रमाकान्त ने कान्ति देवी से गोरखनाथ की शर्त बतायी कान्ति देवी ने कहा- 'मैं उनके लिये मीठे चावल बनाऊंगी आप चावल और गुड़ ले आइटे। समय पा कर अलख जगाते गोरखनाथ रमाकान्त के निवास स्थल पर पहुंचे कान्ति देवी उनके लिये भोजन लेकर आगे बढ़ी किन्तु गोरखनाथ जी ने कहा- खप्पर भरो तो भोजन करेंगे। कान्ति देवी ने बहुत विनम्रता से भोजन देते हुए कहा 'गुरु देव भगवान जो विश्वम्भर है, समस्त जगत का भरण पोषण करता है, भला खप्पर क्यों नहीं भरेगा।' इतना कहते ही खप्पर भर गया अन्न उछल छलल कर बाहर गिरने लगा, कान्ति देवी ने आगे कहा 'गुरु जी संभालिये, अन्नदेव को नष्ट न होने दें', इतना सुनते गोरखनाथ जी कान्ति देवी को उपर से नीचे तक देखते हुए, पूछते है, बेटी! तुम कौन हो? किसकी बेटी हो, तुम्हारे में यह अद्‌भुत शक्ति कहां से आई? कान्ति देवी ने कहा- महात्मन! आपके दर्शन के फलस्वरूप यह शक्ति मुझे प्राप्त हुई। आपको स्मरण होगा, आप मेरे पिताजी के निवास पर पधारे थे, तत्ता गंगा जल मंगवाया था किन्तु ग्रहण नहीं किया, फलतः पिता जी ने वह चरणामृत मुझे ग्रहण करने को दिया, उसी का फल है कि मेरे हृदय के मल विक्षेप दोषों के साथ अज्ञान का आवरण भी हटेगा। समस्त सृष्टि में एक ही तत्व के दर्शन होने लगा, वह है- पर ब्रह्म परमात्मा। कहा भी गया है- बिनु सत्संग विवेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई।।

गोरखनाथ जी अत्यन्त आकुल व्याकुल होकर पछतावा करने लगे उन्हें अपनी भूल का ज्ञान हुआ, उसी समय वहां से रैदास जी के पास जाने को आतुर हो उठे तथा यौगिक शक्तियों से रैदास के आश्रम में जा पहुंचे और गंगा जल की याचना की। रैदास ने कहा- यहां गंगा जल कहां? उसके लिए तो गंगा तट जाना पड़ेगा। गोरख नाथ जी ने कहा- पहले जिस कठौते का जल मुझे दिया था जीने को मुझे नहीं चहिये, रैदास जी ने कहा- महाराज समय-समय की बात है, महात्मा गोरखनाथ से न रहा गया वे जूता भिगोये हुए कठौते का पानी उठा उठाकर पीने लगें, इतना ही नहीं धो धोकर कठौते को पीने लगें, किन्तु यह क्या? उनके हृदय में जरा भी आनंद का संचार नहीं हुआ। महात्मा गोरखनाथ विक्षुब्ध संत रैदास को निहार रहे थे। उनकी यह दशा देख कर महात्मा रैदास जी ने उन्हें सान्त्वना दी बोले- *दिया था जब पिया नहीं, जिन पिया पिया को पा लिया। अब गोरख धो धो क्या पी वे, वह पानी मुल्तान गया।।* इतने सुननते गोरखनाथ जी पश्चाताप करते हुए वहां से चल दिये।


सरकारी दस्तावेज़ों का अधिकार/सुशासन की प्रतिबद्धता

अब
माननीया मुख्यमंत्री
ममता बनार्जी
के एकनिष्ठ प्रयास से
प्रत्येक BDO/SDO/DM कार्यालयों और
ग्राम पंचायतों के बांग्ला सहायता केंद्र में
शुरू हुआ है
May I Help You बूथ



BDO/SDO/DM कार्यालयों के
May I Help You बूथ से
सरकारी दस्तावेज और प्रमाण पत्र
प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन
आवेदन किया जा सकता है

आसान ● निःशुल्क ● घर के पास

May I Help You बूथ से मिलेंगे ऐसे कुछ सरकारी दस्तावेज़ और सेवाएँ

- जाति ( SC/ST/OBC ) प्रमाण पत्र का आवेदन
- जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन
- राशन कार्ड के लिए आवेदन
- स्थानीय निवास प्रमाण पत्र का आवेदन
- वार्षिक आय प्रमाण पत्र का आवेदन
- स्वास्थ्य साथी और अन्य जनहितकारी योजनाओं में शामिल होने के लिए आवेदन

कार्मिक व प्रशासनिक सुधार विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार

Memo No. 62(13) Local Advt./DICO/HWH Date- 21/01/2026


स्वत्वाधिकारी 'बात हिन्दुस्तान की' (पाक्षिक) पत्रिका के लिए मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती सोनी कुमारी झा, 23 रामकुमार गांगुली लेन, 2रा तल्ला कमरा नं. 203, पोस्ट- बी. गार्डेन, शिवपुर, हावड़ा-711103 (प. बंगाल) फोन न.: 8902221434 से प्रकाशित एवं चपला मुद्रण, 2/3/1, रामजी हजरा लेन, हावड़ा-711101 से मुद्रित, सम्पादक-बैद्यनाथ झा, फोन- 9798848926 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी, ईमेल/वेबसाईट-www.baathindustanki@gmail.com

(Owner, Printer & Publisher of 'Baat Hindustan Ki' : Smt. Soni kumari Jha, 23, Ramkumar Ganguly Lane, 2nd floor, room no-203, PO : B.Garden, Shibpur, Howrah-711103, Mo. 9798848926 & Printed from CHAPLA MUDRAN 2/3/1 Ramji Hazra Lane, Shibpur, Howrah-711101, Editor : **Baidyanath Jha** Mo. 9798848926, Email/Website : www.baathindustanki@gmail.com)